NCERT SOLUTIONS

CLASS - 8TH

aglasem.com

Class : 8th

Subject : हिन्दी

Chapter : 3

Chapter Name : ज्ञान प्राप्ति

Q1 अराड मुनि ने अविद्या किसे कहा है?

Answer. अराड मुनि ने अविद्या निम्नलिखित अवस्थाओं को कहा है-

1.आलस्य

2.जन्म-मृत्यु मोह

3.काम

4.क्रोध

5.विषाद

अराड मुनि के अनुसार आलस्य,क्रोध, विषाद अंधकार हैं और जन्म-मृत्यु मोह एवं काम महामोह है| इन पाँचों अविद्याओं से अगर इंसान मुक्त हो गया तो उसका जीवन सार्थक कहलायेगा|

Page : 48, Block Name : प्रश्न

Q2 कठोर तपस्या में लगे सिद्धार्थ ने किस कारण भोजन करने का निर्णय लिया?

Answer. काफी दिनों से अन्न न ग्रहण करने की वजह से सिद्धार्थ काफी दुर्बल हो चुके थे| कुछ समय बाद उन्हें खुद ही ऐसा लगा कि यह दुर्बलता उनको मोक्ष नहीं दिलवा सकती| अस्वस्थ मन से कभी कोई समाधि नहीं पा सकता| समाधि पाने के लिए मानसिक शक्ति प्रबल होनी चाहिए और मानसिक शक्ति के लिए आहार ग्रहण करना बहुत जरूरी है| इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए सिद्धार्थ ने भोजन करने का निर्णय लिया|

Page : 48 , Block Name : प्रश्न

Q3 मार कौन था? वह बुद्ध को क्यों डरा रहा था?

Answer. मार सद्धर्म का शत्रु था जिसे कामदेव के नाम से भी जाना जाता है| मार को लगता था कि बुद्ध उसका राज्य जीतना चाहते हैं| वह बार-बार बुद्ध को डराने लगा ताकि उनका ध्यान भंग हो जाए और वो मोक्ष को प्राप्त करने की विद्या ना हासिल कर पाए|

Page : 48 , Block Name : प्रश्न

Q4 सिद्धार्थ के बुद्धत्व प्राप्त करने पर प्रकृति में किस प्रकार की हलचल दिखाई पड़ी?

Aglasem Schools

Answer. सिद्धार्थ के बुद्धत्व प्राप्त करने पर पूरी प्रकृति में हर्षोल्लास का माहौल छा गया, बिन मौसम बरसात होने लग गई| आसमान से फूलों की वर्षा होने लगी,मानो पूरी प्रकृति बुद्ध का स्वागत कर रही हो| चारों दिशाओं में ज्ञान प्रवाहित होने लग गए| सुंदर शिथिल पवन बहने लग गई, ऐसा लग रहा था मानो चारों और सद्धर्म की दीप जल रही हो, स्वर्ग से भी देवतागण आकर बुद्ध को नमन करने लग गए| वातावरण में चारों ओर उमंग ही उमंग दिख रहा था|

Page : 48 , Block Name : प्रश्न

aglasem.com